भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2763

दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला**

**2763. श्री नव कुमार सरनीया:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में स्टॉल लगाने का अवसर प्राप्त करने वाले उद्यमियों की संख्या और ब्यौरा क्या है; और

(ख) व्यापार मेले में भाग लेने के लिए उन्हें क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गई हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क) वाणिज्य विभाग के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा प्रगति मैदान में दिनांक 14 नवम्बर, 2023 से 27 नवम्बर, 2023 तक भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) का आयोजन किया गया था। लगभग 150 एमएसएमई इकाइयों सहित 400 से अधिक प्रतिभागी थे, जिन्होंने आईटीपीओ के माध्यम से सीधे भाग लिया। इसके अतिरिक्त, लगभग 2500 एमएसएमई/ग्रामीण एसएचजी/कारीगरों और शिल्पकार इकाइयों ने विभिन्न सरकारी संगठनों जैसे विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय; कॉयर बोर्ड; राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी); भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ (ट्राइफेड); खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), ग्रामीण विकास मंत्रालय; वस्त्र मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और 28 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पवेलियन आदि के अंतर्गत भाग लिया।**

**(ख) आईटीपीओ ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों के लिए आगंतुकों और संभावित विक्रेताओं को आकर्षित करने के लिए आईआईटीएफ की ब्रांडिंग और प्रचार किया, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 1 मिलियन दर्शक इस मेलें में आए। इसके अतिरिक्त, भाग लेने वाले कारीगरों, एमएसएमई, एसएचजी आदि को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और विपणन करने के लिए स्थान/स्थापन और अन्य सुविधाओं सहित अवसर प्रदान किए गए थे। प्रतिभागियों का विवरण आईआईटीएफ कैटलॉग में भी प्रकाशित किया गया था जिससे कि वे स्थायी व्यवसाय से व्यापार संबंध बना सकें।**

*********